4
सरिया में नए शाला भवन निर्माण का भूमिपूजन





## खबर संक्षेप

### 6 सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस

**रायगढ़।** शुक्रवार की सुबह निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने निगम राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान निगम अंतर्गत विभिन्न दुकानों के किराए वसूली लक्ष्य से बहुत कम होने पर 06 सहायक राजस्व निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। दोपहर 12 से राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक कमिश्नर श्री चंद्रवंशी द्वारा कार्यालय में ली गई। इस दौरान समस्त वार्डों के अंतर्गत वार्ड प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षकों के संपत्तिए समेकित, जलकर, यूजर चार्ज वसूली की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निगम अंतर्गत जेल परिसर, एसपी कंपलेक्स, मिनी स्टेडियम परिसर एवं विभिन्न स्थानों पर निगम के दुकानों की किराया वसूली की समीक्षा की गई। दुकानों के किराया वसूली सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा बहुत काम की गई है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने आने वाले दो सप्ताह के अंदर दुकानों से किराया वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी तरह राजस्व अधिकारी नीतू अग्रवाल को लक्ष्य के अनुसार दुकान किराया वसूली नहीं करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश निर्देशित किया। निर्देश के तहत सहायक राजस्व निरीक्षक निरंजन गुप्ता, शमीम अख्तर अंसारी, विकास कोंद, नागेंद्र सिंह, अमित केसरवानी, रमेश दास को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। नोटिस में तय समय पर जवाब प्रस्तुत करने की निर्देश दिए गए हैं। जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा अधिनियम के तहत करवाई करने की बात कही गई है।

### ठगी के बदमाश के लिए 420 नहीं अब 316 कहिए

# दो दिन बाद बदल जाएंगी 164 साल पुरानी कानूनी धाराएं, सेक्शन में कई बड़े बदलाव

यह चार सौ बीस है। इससे बचके रहिए ये इसने मेरे साथ 420 की है। बदमाशी और धोखाधड़ी के लिए कुख्यात व्यक्ति के लिए लंबे समय से ये शब्द से इस्तेमाल होता रहा है, लेकिन धोखाधड़ी की बदनाम आइपीसी की धारा 420 एक जुलाई से बदल जाएगी। इसकी जगह लेगी भारतीय नागरिक सुरक्षा यानी बीएनएस की 316 धारा लेगी। यानी धोखाधड़ी, बेइमानी यानी चीटिंग करने पर अब 316 जैसी उपाधि मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ज़िले के थानों में एक जुलाई से विभिन्न अपराधों के लिए एफआईआर नए कानून की धाराओं के तहत लिखे जाएंगे। धोखाधड़ी के लिए धारा 316 लगाई जाएगी। पहले धारा 420 के तहत मुकदमा चलता था। वहीं आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या के मामले में सजा दिए जाने का प्रावधान है। नए कानून में हत्या की धारा 101 होगी। दरअसल एक जुलाई से नया आपराधिक कानून लागू हो जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर थाना प्रभारी, जांच अधिकारी सहित अन्य संबंधितों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी थाना में नई और पुरानी धारा की जानकारी चस्पा की जा रही है। वहीं एक जुलाई को हर थाना में समाजसेवी संगठन, बुद्धजीवी वर्ग को बुलाकर उन्हें नई धारा से अवगत भी कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि संसद के शीतकालीन सत्र में तीनों कानूनों को पास किया गया था। इसके बाद गृह मंत्रालय ने आपराधिक भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने संबंध में अधिसूचना जारी की। तीनों कानून अंग्रेजों के जमाने में बनाए गए आइपीसीए सीआरपीसी और साक्ष्य कानून की जगह लेंगे। रायगढ में बीते सप्ताह इस विषय पर कार्यशाला भी आयोजित की गई थी जिसमें नये कानून व भारतीय न्याय संहिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई थी। इसके अलावा रायगढ व सारगढ जिले में जिला अधिकारियों के द्वारा नए कानून की जानकारी के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही है। सारंगढ़ में शुक्रवार को जबकि रायगढ़ में आज कार्यशाला का आयोजन किया गया।




### ई.रिपोर्ट भी संभव, मोबाइल या सीसीटीवी फुटेज अहम साक्ष्य

आगामी एक जुलाई से नए कानून लागू होंगे। इसमें कई धाराओं में बदलाव किए गए हैं। इसमें घर बैठे ई रिपोर्ट या प्राथमिकी दर्ज करवाई जा सकती है लेकिन तीन दिनों के भीतर थाने में जाकर हस्ताक्षर करने होंगे। इसी प्रकार राजद्रोह की धाराओं में बदलाव किए गए हैं। मोबाइल व सीसीटीवी फुटेज को अहम साक्ष्य माना जा सकेगा। पोक्सो व यौन अपराधों में कानून को और सख्त किया गया है। मोबाईल या सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को साक्ष्य में रखा गयाएलेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति से यह प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा कि उनकी मोबाईल या सीसीटीवी कैमरे से यह साक्ष्य प्राप्त किया गया है। बताया जा रहा है कि किए गए बदलाव में पीडित व्यक्ति या पुलिस थाने में ई.रिपोर्ट भी दर्ज करवाई जा सकती हैए लेकिन तीन दिन में थाने जाकर ई.रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने होंगे। पीडित व्यक्ति अब किसी भी थाने में रिपोर्ट दे सकता हैए वो जीरो नम्बर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### नई धाराओं में चलेगा मुकदमा

मॉब लिचिंग भी अपराध की श्रेणी में नए कानूनों को लागू होने के बाद आतंकवाद से जुड़े मामलों में गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून के अलावा भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक और सीआरपीसी कानून में इसका कोई प्रावधान नहीं था। इसी तरह मॉब लिचिंग भी पहली बार अपराध की श्रेणी में आ जाएगा। अवैध जमावड़े से संबंधित मुकदमा धारा 144 की जगह धारा 187 के तहत चलेगा। आईपीसी की धारा 124.ए राजद्रोह के मामले में लगती थीए अब कानून की धारी 150 के तहत मुकदमा चलेगा। राजद्रोह की जगह देशद्रोह का इस्तेमाल किया गया है।

### धाराओं में बदलाव

हत्या की धारा 302 की बजाय अब धारा 103, दुष्कर्म की धारा 376 की बजाय धारा 63, हत्या का प्रयास की धारा 307 की बजाय 109 होगी। नवीन कानूनी में यदि कोई व्यक्ति बाहर रहता है और देश में कोई आपराधिक गतिविधियों का संचालन करता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही होगी। नए कानून में राजद्रोह को खत्म किया गया साथ ही आतंकवाद को परिभाषित किया गया है।

### ये धाराएं भी बदलीं

- हत्या आइपीसी की 302 धारा की जगह धारा 101
- अवैध जमावड़ा आइपीसी में धारा 144 की जगह धारा 187
- मानहानि आइपीसी की धारा 499 की जगह धारा 354
- दुष्कर्म आइपीसी की धारा 376 की जगह अब धारा 63
- राजद्रोह आइपीसी की धारा 124.ए अब धारा 150

### पुरानी धाराओं में मामले कल तक

पुलिस अधिकारियों के अनुसार 30 जून तक पुराने कानून के तहत ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। वहीं पहले से जो धाराएं लागू हैं और मुकदमा चल रहा है वह यथावथ चलेगा। एक जुलाई से नए कानून के तहत नई धाराओं में मामले दर्ज होंगे। विभाग में प्रशिक्षण भी आरंभ हो गया है।

### यौन अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान

नवीन कानून में राजद्रोह वाले बिन्दु को हटाया गया है। हालाकि सशस्त्र क्रांति विध्वंसक गतिविधियों और अलगाववादि कार्यो के कारण होने वाले राजद्रोह को क्रिमिनल ऑफेंस माना जाएगा। सजा में भी बदलाव हुआ है।

### गैंगरेप को पोक्सो से जोड़ा

नरम प्रावधानों का फायदा उठाने वाले आरोपी व्यक्तियों को रोकने के लिए कई बदलाव हैं इनमें बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले को पोक्सो के साथ जोडा गया है। नाबालिग के साथ गैंग रैप को नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

### फिल्मों से लेकर मुहावरों तक में 420

164 साल पुरानी आईपीसी की धारा 420 फिल्मों से लेकर आम कहावतों तक में प्रचलन में है। राजकपूर की श्री 420 और चाची 420 जैसी फिल्में इसी नाम की वजह से खूब तहलका मचाई थीं। 420 को लेकर कई गाने और जुमले भी प्रचलन में हैं। अब इनका अस्तित्व खत्म हो जाएगा। श्री 420ए चाची 420 जैसी फिल्में काफी प्रसिद्ध रही है।

### ब्रिटिश समय का कानून खत्म

एक जुलाई से लागू हो रही भारतीय न्याय संहिता में अंग्रेजों के समय के कानूनों को खत्म करते हुए वर्तमान की जरूरतों के हिसाब से नई न्याय संहिता लागू हो रही है। इसका लाभ पक्षकारों को लाभ मिलेगा। कई धाराएं जो जीवन का हिस्सा बन गई थीं अब इनमें बदलाव हो गया है।


**रमेश शर्मा**
अध्यक्ष, रायगढ़ बार एसोसिएशन

एक जुलाई के बाद केस नई धाराओं में रजिस्टर्ड होंगे। वर्षो पुरानी धारा 420 जो ठगी और बेइमानी का पर्याय बन चुकी थी वह अब 316 हो जाएगी। उलाहना देने के लिए अब लोग श्रीमान 316 या ठग 316 कहेंगे।

**एके उपाध्याय**,सीएसपी

### स्कूल में चोरों का धावा 46 हजार का माल चोरी

**रायगढ।** शहर के केवड़ाबाड़ी में स्थित शासकीय प्राथमिक भूपदेव पाठशाला में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के बाद सभी शिक्षक व स्कूल के अन्य स्टाफ ताला बंद कर चले गये थे। आज सुबह स्टाफ स्कूल पहुंच कर ताला खोले तो देखा कि पिछे की ओर लगा ग्रिल टूटा हुआ है। चोरी होने के संदेह में भीतर जा कर देखा तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ है और सभी सामान बिखरा पड़ा है। वहीं कार्यालय में रखे लैपटाप, गैस सिलेण्डर बच्चों को सिखाने वाली सामग्री तथा दो हजार रूपए नगद गायब थे। स्कूल की प्रधान पाठक गौरी मोहंती ने तदाशय की रिपोर्ट कोतवाली में कराते हुए बताया कि चोरी गए सामान की कीमत लगभग 47 हजार 5 सौ रूपए है।









## खबर संक्षेप



### संकुल केन्द्र गेरवानी में शाला प्रवेश उत्सव

**तमनार।** संकुल केंद्र गेरवानी के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक शाला देलारी, प्राथमिक शाला गेरवानी प्राथमिक शाला नवीन गेरवानी, प्राथमिक शाला पाली, प्राथमिक शाला शिवपुरी, माध्यमिक शाला देलारी माध्यमिक शाला गेरवानी में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम 26 जून को आयोजन किया गया इस प्रवेश उत्सव के आयोजन में शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं पालक समिति सहयोग रहा प्रवेश उत्सव के दौरान सभी बच्चों को तिलक लगाकर फूल माला पहनना का स्वागत किया गया सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक वितरण एवं गणेश वितरण किया गया, शाला खुलने के प्रथम दिवस सभी विद्यालय में न्योता भोजन का कार्यक्रम आयोजित किया।

### शाला प्रवेशोत्सव में सरपंच ने किया विद्यार्थियों का स्वागत




**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के ग्राम गुडु के शासकीय प्राथमिक शाला में नव प्रवेशी छात्रों के साथ साथ यहां अध्ययनरत छात्रों ने जहां भव्य स्वागत के बीच प्रवेश लिया। वही उन्हें नेवता भोज एवं पाठ्य सामग्री पाकर ये सम्मानित भी हुए। जानकारी के मुताबिक यहां के प्रधान पाठक श्रीमती सावित्री सारथी एवं सहायक शिक्षक प्रहल्लाद साव स्कुल खुलने से पूर्व स्कूल के रंग रोगन एवं साफ सफाई कर रहे थे ताकि छात्रों को आकर्षित किया जा सके। शाला प्रवेशोत्सव के दिन प्रधान पाठक सारथी के निमंत्रण पर सरपंच श्रीमती सेवती नंदे, उप सरपंच श्रीमती पदमा प्रधान, पंच श्रीमती तपस्वीनी मेहर, शाला समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र मेहर सहित समूचे पालक गण उपस्थित हुए। उक्त शाला के कक्षा पहली में मात्र 4 छात्र प्रवेश लिया जिन्हें कुर्सी में बिठा कर अक्षत पुष्प और आरती के साथ प्रधान पाठक सारथी ने प्रवेश दिलाया।

### बांसमुड़ा शाला में प्रवेशोत्सव व न्योता भोज



**खरसिया।** विकासखंड के माध्यमिक शाला बांसमुड़ा में शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योताभोज कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बीईओ शैलेष देवांगन, बीआरसीसी प्रदीय साहू, संकुल प्राचार्य एलएन पटेल, संकुल समन्वयक सूरजभान पटेल, गांव की सरपंच श्रीमती देवकुमारी राठिया एवं पालकों को उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार और जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार 26 जून को सभी विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाना था। इसी के तहत खरसिया विकासखंड के माध्यमिक शाला बांसमुडा में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती का पूजन कर किया गया।

### नगर पंचायत पुसौर में पीएम आवास निर्माण जोरों पर



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के 15 वार्डो में आबंटित प्रधान मंत्री आवास निर्माण कार्य की रफ्तार इन दिनों तेज हो गई है इसके लिए नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत एवं सीएमओ क्षितिज सिंह अधिकांश समय दफ्तर में ही दे रहे हैं ताकि संबंधित हितग्राहियों को भटकना न पडे। जानकारी के मुताबिक 31 मई के स्थिति में 595 आवास पूर्ण हो चुके हैं जो कि लक्ष्य से 81 आवास अधिक है वहीं 243 शेष है।

### हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों को मंत्री ने दिया मार्गदर्शन

# सिर्फ डिग्री हासिल करने के लिए नहीं बल्कि काबिल होने के लिए शिक्षा जरुरी : ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सिर्फ डिग्री पा लेना और उसकी संख्या बढ़ाना आपको कामयाबी के मुकाम तक नहीं लेकर जाएगा स्किलफुल बनेंगे तो कामयाबी जरूर मिलेगी। इसलिए गिनती के फेर में न पड़ें और काबिलियत के लिए पढ़ें, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने करियर काउंसलिंग के दौरान बच्चों को यह सलाह दी। वे आज स्कूल और कॉलेज के बच्चों के बीच उन्हें करियर संबंधी मार्गदर्शन देने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित उत्कर्ष भविष्य का निर्माण कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्हें सुनने बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ शिक्षक और पालक भी पहुंचे थे।



विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन देते मंत्री ओपी चौधरी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक घंटे के अपने संबोधन में छात्रों को अपनी अब तक जीवन अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि एक छोटे से गांव से निकल कर देश के प्रतिष्ठित आईएएस सेवा में चयनए प्रशासनिक करियर से लेकर राजनीतिक जीवन में प्रवेश और अब प्रदेश के वित्त मंत्री के रूप में कार्य करने का सफर कैसा रहाए क्या चुनौतियां रहीं, उनसे कैसे निपटे और भविष्य के लिए और बड़े लक्ष्य कैसे तय किए और उन्हें कैसे पूरा किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि 11 साल की उम्र में अपनी मां के साथ जब रायगढ़ के कलेक्टर ऑफिस पहली बार आया था तभी से मन में ठान लिया था कि आगे चल कर आईएएस बनना है। इस सपने को मैने जियाए लगातार मेहनत की और 23 साल की एज में सबसे कम उम्र में से एक आईएएस बनने की उपलब्धि हासिल हुई। उन्होंने कहा कि बायंग गांव से निकल कर जब मैं आईएएस बन सकता हूं जिसके पिता का देहांत 8 वर्ष की उम्र में हो गया था और मां सिर्फ चौथी तक पढ़ी है तो आप में से हर कोई अपना सपना पूरा कर सकता है। बशर्ते आपको परिस्थितियों से हारना या घबराना नहीं है बल्कि उनका सामना करना है। संकल्प यदि मजबूत होगा तो विकल्पों की कमी नहीं होगी। हमारे सामने अनेकों उदाहरण हैं जो बताते हैं कि विषम परिस्थिति में भी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने वाले सफलता की नई इबारत लिखते हैं। उन्होंने विराट कोहली के पिता के निधन के दिन अपनी टीम के लिए खेली गई बहुमूल्य पारीए आनंद कुमार के संघर्षों के बारे बताते हुए कहा कि इन सभी सफल लोगों ने कठिन परिस्थितियों को अपने ऊपर हावी होने नही दिया बल्कि उससे लड़े और जीते। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बन रहा है। यहां अवसरों की कमी नहीं होगी। बस आपको अपने आप को तैयार करना है। गवर्नमेंट के साथ कॉरपोरेट सेक्टर में भी रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। आवश्यकता है आप अपना स्किल बढ़ाने पर काम करें। उन्होंने बताया कि आईएएस की नौकरी छोडऩे के बाद कृषि कार्य और शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का काम सीखा। खेती किसानी के वैज्ञानिक तरीकों का ज्ञान लिया, रिसर्च किया, एग्रोनॉमिक्स विशेषज्ञों से सीखने की कोशिश की जिसका पूरा लाभ आज उन्नत कृषि में ले रहा हूं। इसी प्रकार स्टॉक मार्केट की बारीकियां सीखी, देश के ट्रेड एक्सपर्ट को सुना और समझाए बहुत गहराई से मार्केट स्टडी की जिससे शेयर मार्केट में किया निवेश कई गुना तक बढ़ा पाया। यह सब बताने के पीछे का अर्थ यह है कि आप समझ लें कि जो करना चाहते हैं उसके बारे में पूरा ज्ञान लीजिए, एक्सपर्ट से सीखिए उसे अप्लाई कीजिए फिर कमाल देखिए। अंत में उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता प्रयासों लेना दो ही परिणाम हो सकते हैं। असफल होने पर निराश नहीं होना है। कोई अनुचित कदम नहीं उठाना चाहिए। हमेशा याद रखें कि जिंदगी किसी एक एग्जाम, किसी एक प्रयास से कहीं ज्यादा कीमती है। इसलिए हमेशा सकारात्मक अप्रोच रखें। उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित करियर गाइडेंस सेमिनार की सराहना की और कहा कि इस कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जाए जिससे छात्रों से संवाद बना रहे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों से अपने समय का सदुपयोग करने और देश के भविष्य में अपना योगदान देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह समय महत्वपूर्ण है इसमें की गई मेहनत के जो परिणाम मिलते हैं उसका असर पूरे जीवन की दशा दिशा तय करते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, गुरूपाल भल्ला, मुकेश जैन, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पाण्डेय, विवेक रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी, शोभा शर्मा, दीबेश सोलंकी, पंकज कंकरवाल, मुक्तिनाथ बबुआ, नरेश गोरख, डिग्री लाल साहू, सूरज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला नरेन्द्र चौधरी, केके स्वर्णकार जेके राठौर, भूनेश्वर पटेल, आलोक स्वर्णकार, सुश्री तरसिला एक्का उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

## सरिया में नए शाला भवन निर्माण का भूमिपूजन



भवन निर्माण का भूमिपूजन करने जाते ओपी चौधरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

मंत्री ओपी चौधरी ने गुरुवार शाम को सरिया में नए शाला भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि शाला भवन निर्माण में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। भवन निर्माण गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि न ही मैं एक रुपए खाता हूं और ना ही मेरे नाम से किसी को एक रूपए दे।

गुणवत्ता के साथ काम करें। स्कूल ही वह मंदिर है जहां बच्चे भविष्य का निर्माण करते हैं। करीब 1 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से सरिया में हायर सेकेंडरी स्कूल का नवीन भवन निर्माण हेतु मंत्री ओपी चौधरी ने स्कूल प्रांगण में भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के पश्चात क्षेत्रीय विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्कूल परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 6 महीने के अंदर नवीन शाला भवन का निर्माण पूर्ण हो जाएगा और ठेकेदार समय सीमा में काम करके देंगे। फरवरी तक नवीन शाला भवन में हायर सेकेंडरी स्कूल की क्लास लगेंगे। इस दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के प्रभारी प्राचार्य तिर्की ने वित्त मंत्री से नवीन शाला भवन में चार अतिरिक्त कक्ष की मांग की। जहां वित्त मंत्री चौधरी ने तत्काल मांग पर घोषणा किया। इसके पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी नगर पंचायत कार्यालय सरिया पहुंचे। जहां नागरिकों ने अपनी समस्या को लेकर आवेदन दिए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आवेदनों को पढ़े और निराकरण का आश्वासन दिया।

वित्त मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि वार्ड क्रमांक 15 के वसींदों को मैंने वादा किया था और मैं अपने वादे के अनुसार आप लोगों को आपके मकान घर के लिए पट्टा दिलाने का कार्य करूंगा। इसके लिए स्थानीय कार्यकर्ता आप लोगों का सहयोग करेंगे। इसके अलावा अंचल के मेधावी विद्यार्थियों को भी जल्द ही मंत्री के हाथों पुरस्कृत होने का अवसर मिलेगा।

## सब्जी की आड़ में गांजे की तस्करी, पुलिस ने जब्त किया 25 लाख का गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सब्जी के आड़ में एक युवक ने उड़ीसा से गांजा तस्करी करते समय सरिया पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस को देखते ही आरोपी युवक गाड़ी छोड़कर भागने का प्रयास किया। लेकिन सरिया पुलिस ने धर दबोचा।




सरिया थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि उड़ीसा से माजदा गाड़ी में सब्जी के आड़ में करीब ढाई क्विंटल गांजा लाते समय सरिया भठली के पास पुलिस ने पकडा। आरोपी युवक उदय नारायण कछवाहा मध्य प्रदेश के दमोह जिले का बताया जा रहा है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उड़ीसा से गांजा लग रहा था और मध्य प्रदेश में ले जा रहा था। माजदा गाड़ी बिलासपुर का बताया जा रहा है। जिसे आरोपी युवक ने किराए में लेकर गांजा परिवहन कर रहा था। थाना प्रभारी प्रमोद यादव के बताए अनुसार ढाई क्विंटल गांजा की कीमत लगभग 25 लाख रुपए एवं माजदा गाड़ी की कीमत 5 लाख रुपए तथा आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल जब्त किया गया। जिसके अनुमानित कीमत 10 हजार रुपए बताई जा रही है।विदित हो कि आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए माजदा गाड़ी में ऊपर में टमाटर कैरेट में पत्ता गोभी लोड किया था। तथा नीचे में गांजा से भरा बोरी था। इस तरह सरिया पुलिस ने गांजा तस्कर 22 वर्षीय आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की कार्रवाई कर रही है रिमांड पर भेज दिया है।

## महाठग शिवा के बैंक लाकर ने उगले करोड़ों के जेवर, खातों में कैश का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कम वक़्त में पैसे डबल करने और अच्छे रिटर्न का झांसा देकर लोगों के साथ करोड़ो रूपये की ठगी करने वाले सारंगढ़ के महाठग शिवा साहू को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया हैं।



■ नोट गिनने की मशीन और जमीन के कागज भी बरामद

मिली जानकारी के मुताबिक़ पुलिस को आरोपी शिवा साहू के खिलाफ पांच नई शिकायतें मिली हैं। ये सभी शिकायतें भी लेनदेन और पैसों की ठगी से जुड़ी हुई हैं। इन नई शिकायतों में पीड़ित निवेशकों ने खुद के साथ 29 लाख 50 हजार रुपए ठगी किये जानें का जिक्र किया हैं। इधर पुलिस अब शिवा के बैंक लॉकर तब भी पहुँच चुकी है,बताया जा रहा हैं कि शिवा के बैंक लॉकर से बड़े पैमाने पर सोने-चांदी के आभूषण जब्त किये गए हैं। जबकि उनके हाथ एक बड़ी रकम नकदी के रूप में भी हाथ लगा हैं, पुलिस ने लॉकर से करीब एक किलो सोना-चांदी और एक करोड़ 52 लाख रुपये नकद बरामद किया हैं। जाँच-पड़ताल में शिवा के पास से नोट गिनने वाली मशीन भी बरामद की गई हैं,इसके अलावा आरोपी शिवा के पास से लैपटॉप और जमीनों के दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।

### कार्रवाई जारी

शिवा साहू के विरुद्ध ठगी की शिकायतें मिलने का सिलसिला जारी है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर विवेचना और जांच की जा रही है। बैंक खाते और लाकर में रखे कैश तथा जेवर जब्त किये गये हैं । कार्रवाई जारी है।

**-पुष्कर शर्मा**
एसपी, सारंगढ -बिलाईगढ

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे संयुक्त संचालक

**खरसिया।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर के द्वारा 27 जून को खरसिया के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक के द्वारा विभिन्न अध्यापन कक्षोंए प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के समस्त शिक्षकों को सत्र 2024-25 हेतु आवश्यक योजनाबद्ध तरीके से अध्यापन करने एवं विद्यालय का सुव्यवस्थित संचालन करने हेतु निर्देशित किया। विज्ञान प्रयोगशाला का उपयोग दैनिक रूप से किये जाने हेतु, प्रेयर मीटिंग में प्रतिदिन न्यूज़ बुलेटिन, साइंस बुलेटिन सुविचार



अनिवार्य रूप से रखने के लिए निर्देशित किया गया। विद्यालय में स्थापित पुस्तकालय का दैनिक उपयोग एवं रिकॉर्ड का संधारण, मासिक एवं दैनिक पत्र पत्रिकाएं पुस्तकालय में रखने एवं बच्चों को दैनिक रूप से अध्ययन करने हेतु प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरसिया के निरीक्षण के उपरांत संयुक्त संचालक के द्वारा कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड खरसिया का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सेवा पुस्तिका का संधारण, सीजी स्कूल इन विभागीय दर्पण पोर्टल पर कर्मचारियों की प्रविष्टि, मध्यान्ह भोजन पोर्टल पर दैनिक प्रविष्टि की जानकारी लेकर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एस के देवांगन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संयुक्त संचालक के निरीक्षण के दौरान उनके साथ सहायक संचालक पीके राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके देवांगन एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक प्रदीप साहू उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण

**रायगढ़।** डीबी पावर लिमिटेड, बाड़ादरहा एवं डी.बी.लेडिस क्लब अभिव्यक्ति के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर विभाग द्वारा संचालित सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षित 52 युवतियों महिलाओं को प्लांट परिसर के ऊर्जा भवन में डी.बी.लेडिस क्लब के सदस्यों द्वारा प्रमाण-पत्र के साथ टूल कीट वितरण किया गया। ज्ञात हो कि शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत डीबी पावर लिमिटेड, सीएसआर विभाग के द्वारा परियोजना के शुरूआती चरण से ही महिलाओं एवं युवतियों को आत्म-निर्भर एवं स्वावलंबी बनाने हेतु सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन ग्राम टुण्ड्री में निः शुल्क किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत वर्ष ग्राम बाड़ादरहा में भी ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन शुरू किया गया है। जिसमें नजदीकी ग्रामों के महिलाएं एवं युवतियाँ उपरोक्त प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। यह प्रशिक्षण केन्द्र इस क्षेत्र के लिए एक आर्कषण का केन्द्र बना हुआ है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात युवतियाँ एवं महिलाएं घर बैठे ही सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर करके आय-अर्जन कर रही है। जिससे कि वे घर में आर्थिक सहयोग कर घर के विकास में भागीदारी बखुबी निभा रही हैं। दोनो प्रशिक्षण केन्द्र से अब तक 352 युवतियों एवं महिलाएं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा वर्तमान में 40 युवतियों एवं महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।



## दिल्ली में युवा कांग्रेस का संसद घेराव कर विरोध प्रदर्शन

**घरघोड़ा।** नीट यूजी परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के खुलासों के बाद युवा कांग्रेस के नेतृत्व में इसकी जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर मोदी सरकार की नाकामी के ख़िलाफ़ युवा सड़क पर उतर आए हैं। गुरुवार 27 जून को भारतीय युवा कांग्रेस ने सड़कों से संसद तक विरोध प्रदर्शन करते हुए संसद का घेराव किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश, प्रदेश महासचिव राकेश पांडेय के आह्वावन पर रायगढ़ ज़िले से युवा कांग्रेस नेता जनप्रतिनिधि उस्मान बेग के नेतृत्व में युवा दिल्ली पहुंचकर संसद घेराव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने साथियों के साथ युवाओं के हक में जमकर गरजते हुए संसद घेराव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह विरोध प्रदर्शन नीज यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में मोदी सरकार की नाकामी, न्याय की मांग करने वाले छात्रों और उनके परिवारों के समर्थन में था। युवा कांग्रेस के नेताओं ने इस मुद्दे पर सरकार से शीघ्र और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सरकार को घेरा है।




## सामुदायिक शौचालय उपयोग में नहीं फिर भी हो रहे निर्माण

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के 88 पंचायतों के ज्यादातर पंचायतों स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है इसमें से कुछ पंचायतों के सामुदायिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था है शेष में नही हैं वहीं कई जगह निर्मित भवन भी टूट चुके हैं और कबाड में तब्दील हो चुका है। जिन एक दो पंचायत में समुचित व्यवस्था है वहां भी लोग इसका उपयोग नही करने की जानकारी प्रकाश में आया है इसके बावजुद भी जहां सामुदायिक शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है वहां इन दिनों राशि आबंटित कर इसे निर्माण करने की तैयारी की जा चुकी है। बताया जाता है सामुदायिक शौचालय के लिये नलकुप भवन सहित 10 से 15 लाख तक बजट रहता है जिसे पर्याप्त माना जाता है इसके बावजुद भी बने शौचालय भवनों में कहीं दरवाजा टूट चुके हैं तो कहीं छत दब चुका है तो कहीं पानी की व्यवस्था नहीं है। इस तथ्य की पुष्टी ग्राम पंचायत गुडु, सेमरा, सहित अन्य कई पंचायतों से हुई है।




### कुछ रसूखदारों के हाथ लगा हुआ है घाट जो वाहनों से अवैध वसूली कर रहे

# रेत पर अवैध वसूली, बेपरवाह होकर चल रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील क्षेत्र महानदी, केलोनदी और मांड नदी क्षेत्र से घिरा हुआ है जिसमें नदी के किनारे किनारे के गांवों में बालू ले जाने के लिए घाट बना हुआ है और ये घाट इन दिनों कुछ रसूखदारों के हाथ लगा हुआ है जो बालू लेने आ रहे वाहनों से अवैध वसूली कर रहे हैं और अपनी जेबे भर रहे हैं। कुछ दिन पहले उक्त नदियोंके किसी एक घाट पर कार्यवाही की गई थी इसके बाद से फिर उसी क्रम में धडल्ले से अवैध ढुलाई कार्य जारी है।



रेत का अवैध उत्खनन जारी।

इसमें एक खास तथ्य यह है कि कुछ रसूखदार जो बरसात के पहले बालू डंप्प करके बरसात के बीच औने पौने दाम में पैसा कमाते हैं वे ही इन नदी घाटों के ठेकेदार बने हुए हैं जो प्रधानमंत्री आवास तथा निजी कार्य के लिए ला रहे बालु वाहनों पर ये नकेल कस रहे हैं और अवैध पैसा कमा रहे हैं। उक्ताषय की पुष्टी बीते को नावापारा मांड घाट पर कुछ आम आदमी जो अपने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए बालु लेने आए थे वहां उनसे 700 से 1000 रुपए देकर बालू लाना पडा जबकि ये नदी किनारे के ही लोग है जिन्हें आवास के नाम पर नि शुल्क मिलना चाहिये था। उक्ताशय को लेकर स्थानीय सरपंच भानु पटेल सहित अन्य पडोसी सरपंचों से संपर्क करने की कोशिश की गई जिसमें सफलता नहीं मिली वहीं इस तथ्य पर कुछ लोगो का कहना है कि नावापारा मांड नदी घाट में कुछ लोगों का ही चलता है जो मनमाने ढंग से पैसा लेते हैं और वे स्वयं बरसात के लिये बालु डंप करके रखते हैं। यह हाल चंघोरी, सुरजगढ, पडिगांव, कांदागढ, झलमला सहित अन्य नदी घाटों के गांवों में हैं जिस पर शासन का ध्यानाकर्षण होना आवश्यक है। लोगों का मानना है जिला खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग के सुस्त होने के कारण यह स्थिति निर्मित हो रहा है इसे इस ऐंगल से भी देखा जा रहा है कि कहीं इन रसुखदारों पर शासन के उक्त विभागों का आषीर्वाद तो नहीं है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

कुछ दिन पहले चंघोरी नदी घाट पर अवैध रूप से बालू ले जा रहे लोगों पर कार्यवाही की गई थी। पुनः शिकायत मिलने पर फिर कार्यवाही होगी।

**-नायब तहसीलदार**
पंकज कुमार मिश्रा

## प्रीबीएड और प्रीडीएलएड की परीक्षा कल, दो पालियों में होगा आयोजन

**रायगढ़/सारंगढ़।** सीजी व्यापमं द्वारा सारंगढ़ व रायगढ जिला मुख्यालय को प्रीबीएड और प्रीडीएलएड परीक्षा का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसका परीक्षा दो पालियों में 30 जून रविवार को संपन्न होगा।

व्यापमं की वेबसाईट व्यापम डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें। जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र ड्रायविंग लायसेंस पेन कार्ड आधार कार्ड पासपोर्ट विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में फोटो कॉपी मान्य नहीं परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### दिव्यांग रख सकेंगे सह लेखक

सह लेखक की सुविधा उन्हीं परीक्षार्थियों को दी जाएगी, जिन्होंने इस परीक्षा के फॉर्म भरते समय सह लेखक की सुविधा चाही थी या ऑप्शन पर क्लिक किया होगा। इसके लिए निर्धारित शपथ पत्र के साथ परीक्षार्थी और सह लेखक को परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा।